QB365-Question Bank Software

**SET-3**

**Series HRK/2**

कोड नं.
Code No. **4/2/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# संकलित परीक्षा – II
# SUMMATIVE ASSESSMENT – II

# हिन्दी
# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 90*

***निर्देश :*** *(i)* *इस प्रश्न-पत्र के **चार** खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

## खण्ड क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2×6=12*

मैं सोच रहा हूँ पर ज़फ़र कोई भी बात नहीं सोच रहे हैं । वे अपनी धुन में हैं । वे कंघा चलाते हैं, पर वह नहीं चलता – उलझे बालों में अटक जाता है । ज़फ़र मियाँ बाल सुलझाते हैं और कंघा बढ़ाते हैं । कभी वह झुककर बालों का मिलान देखते हैं, कभी उभारकर, कभी इधर और कभी उधर । एक-एक बाल पर, एक-एक ढलाव पर, एक-एक मिलान पर ज़फ़र की निगाह है, जैसे कोई इंजीनियर किसी पुल के खंभों का मिलान देख रहा हो ।

यों कटिंग पूरी हुई और कैंची को चार बार ताल के साथ खाली ही चुकर-चुकर चलाया, ज़फ़र ने कहा – लो सरकार, कट गए आपके बाल ।

अब उन्होंने उठाया ब्रश और जुटे हज़ामत पर । हज़ामत में भी वहीं तल्लीनता । एक हाथ सीधा, तो एक उलटा और तब यह देखभाल कि कहीं कोई कील तो नहीं रह गई । कील ही नहीं, क़लम से लेकर मूँछों की छँटाई तक के काम उन्होंने पूर्ण सुंदरता से किए ।

बीस मिनट से ज़्यादा मैं ज़फ़र की इस तल्लीनता को देखता रहा । सच यह है कि ज़फ़र उस मज़दूर के बालों में लीन थे और मैं ज़फ़र में । देखते-देखते मैं भावों से भर उठा था, यहाँ तक कि हज़ामत की ऊँची कुरसी पर आने को जब मैं उठा तो इतना भाव-विभोर था कि मैंने ज़फ़र को अपने में दबोच लिया ।

पैसे देकर जब वह मज़दूर चला गया तो मैंने कहा – ज़फ़र मियाँ ! तुम तो उस मज़दूर से ऐसे लिपटे कि जैसे ज़िले का कलक्टर ही तुम्हारी दुकान पर आ बैठा हो ।

ज़फ़र ने जो जवाब दिया, उससे आगरे का पेठा और दिल्ली का सोहन हलवा दोनों फीके पड़ गए । बोले – बाबू जी, मेरे लिए तो जो इस कुरसी पर बैठता है, वही कलक्टर है ।

'हर एक नागरिक में अपने काम के लिए यह चाव, श्रम के प्रति यह श्रद्धा और पेशे के प्रति ईमानदारी के इस भाव का जागरण ही राष्ट्र की जीवनी-शक्ति का सर्वोत्तम मापदंड है ।'

(क) ज़फ़र का क्या व्यवसाय है ? उनके काम की तुलना इंजीनियर से क्यों की गई है ?

(ख) ज़फ़र के बाल काटने के कौशल पर टिप्पणी कीजिए ।

(ग) हज़ामत बनाने में ज़फ़र क्या सावधानियाँ बरत रहे थे ?

(घ) इस कथन में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए :
"तुम तो उस मज़दूर से ऐसे लिपटे कि जैसे ज़िले का कलक्टर हो ।"

(ङ) ज़फ़र के उत्तर में क्या बात थी जिसकी मिठास पर लेखक मुग्ध हो गया ?

(च) राष्ट्र की जीवनी-शक्ति का श्रेष्ठ पैमाना क्या है ?


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2×4=8*

आज जीत की रात पहरुए, सावधान रहना
खुले देश के द्वार अचल दीपक समान रहना ।
प्रथम चरण है नए स्वर्ग का है मंज़िल का छोर
इस जन-मंथन से उठ आई पहली रत्न-हिलोर
अभी शेष है पूरी होना जीवन मुक्ता डोर
क्योंकि नहीं मिट पाई दुख की विगत साँवली कोर
ले युग की पतवार बने अंबुधि महान रहना
पहरुए सावधान रहना ।

ऊँची हुई मशाल हमारी आगे कठिन डगर है
शत्रु हट गया, लेकिन उसकी छायाओं का डर है
शोषण से मृत है समाज, कमज़ोर हमारा घर है
किंतु आ रही नई ज़िंदगी यह विश्वास अमर है
जनगंगा में ज्वार, लहर तुम प्रवहमान रहना
पहरुए सावधान रहना ।

(क) काव्यांश में किसको सावधान किया गया है और क्यों ?

(ख) 'नहीं मिट पाई दुख की विगत साँवली कोर' का क्या तात्पर्य है ?

(ग) देश की प्रगति के मार्ग को 'कठिन डगर' क्यों कहा गया है ?

(घ) काव्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए ।


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

## खण्ड ख

**3.** शब्द और पद किन्हें कहते हैं ? एक-एक उदाहरण दीजिए । *1+1=2*

**4.** निर्देशानुसार वाक्य-रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) यह दहेज-प्रथा समाज को घुन की तरह खाए जा रही है । (मिश्र वाक्य में)

(ख) जो मनुष्य का उपकार करे, वही मनुष्य है । (सरल वाक्य में)

(ग) सामाजिक बुराइयों को दूर करके हमें लोगों की सहायता करनी चाहिए । (संयुक्त वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित शब्दों को समस्त-पद बनाकर समास का नाम लिखिए : *1+1=2*

(i) पुस्तकों का आलय

(ii) दीर्घ जो मात्रा

(ख) निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह करके समास का नाम लिखिए : *1+1=2*

(i) पर्वत-पुत्र

(ii) रात-दिन

**6.** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : *1×4=4*

(क) यहाँ धूम्रपान पीना वर्जित है ।

(ख) इस दुकान में दवाई मिलती हैं ।

(ग) हमें तो आप अपने साथ ले चलो ।

(घ) जंक फूड स्वास्थ्य के लिए बुरा हानिकारक है ।

**7.** निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए : *2*

फूला न समाना, गाँठ बाँध लेना ।


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

## खण्ड ग

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) 'गिरगिट' कहानी के आधार पर ओचुमेलॉव के चरित्र की दो विशेषताओं को अपने शब्दों में लिखिए ।

(ख) 'चाजीन' किसे कहते हैं ? 'झेन की देन' पाठ में चाजीन ने कौन-सी क्रियाएँ पूरी कीं ?

(ग) 'कारतूस' पाठ के आधार पर बताइए कि कर्नल कालिंज का ख़ेमा जंगल में क्यों लगा हुआ था ।

**9.** 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश दिया है ? आज के संदर्भ में यह महत्त्वपूर्ण क्यों है ? समझाइए । *5*

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2+2+1=5*

उसके अफ़साने सुन के राबिनहुड के कारनामे याद आ जाते हैं । अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ उसके दिल में किस क़दर नफ़रत है । कोई पाँच महीने हुकूमत की होगी । मगर इस पाँच महीने में वो अवध के दरबार को अंग्रेज़ी असर से बिलकुल पाक कर देने में तक़रीबन कामयाब हो गया था ।

(क) किसके अफ़सानों की बात की गई है ? उसके क्या कारनामे याद आ जाते हैं ?

(ख) वज़ीर अली के दिल में किसके प्रति नफ़रत थी ? उसका क्या प्रभाव पड़ा ?

(ग) गद्यांश में संवाद किनके बीच चल रहा है ?

**11.** (क) बिहारी ने श्रीकृष्ण के जन्म और निवास के बारे में क्या कहा है ? कवि श्रीकृष्ण से क्या चाहते हैं ? *2*

(ख) 'मधुर-मधुर मेरे दीपक जल' कविता में किन भावनाओं को व्यक्त किया गया है ? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए । *2*

(ग) 'आत्मत्राण' कविता हमें क्या संदेश देती है ? *1*

**12.** 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि सबसे बड़ा विवेक क्या है ? मनुष्यता के अन्य गुणों को भी समझाइए । *5*

**13.** 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि अभिभावक, बच्चों को खेल-कूद में ज़्यादा रुचि लेने पर क्यों रोकते हैं । आज की व्यवस्था में बच्चों की खेल के प्रति सहभागिता और उससे प्राप्त जीवन-मूल्यों पर अपने विचार लिखिए । *5*


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

## खण्ड घ

**14.** राशनकार्ड बनवाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों का विवरण देते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को आवेदन-पत्र लिखिए । *5*

**15.** निम्नलिखित विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) स्वतंत्रता-दिवस समारोह

- त्याग, बलिदान का स्मारक
- विभिन्न कार्यक्रम
- संदेश

(ख) सैनिकों के प्रति सद्भाव

- सैनिक देश के रक्षक
- त्याग और शौर्य के प्रतीक
- सैनिकों से प्रेरणा

(ग) पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम

- मानव-जीवन के अंग
- आत्मीयता और सहज स्नेह
- जीवदया-मानवता का संदेश

**16.** विद्यालय स्पोर्ट्स-क्लब के सचिव की ओर से सूचना-पट्ट के लिए लगभग 30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए, जिसमें विभिन्न खेलों में सायंकालीन प्रशिक्षण हेतु विद्यार्थियों के नाम माँगे गए हों । *5*


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

**17.** अतिशय वर्षा और हिमस्खलन के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में जनजीवन की अस्त-व्यस्तता पर दो मित्रों के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**18.** निर्धनों की बस्ती में 'जनकल्याण-समिति' की ओर से कपड़े बाँटने के लिए लोगों से कपड़े दान करने की अपील लगभग 25 शब्दों में एक विज्ञापन द्वारा कीजिए । *5*


QB365-Question Bank Software

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड – 'क'** | |
| 1 | 1 (क) | 2 (क) | 1 (क) | • बाल काटना और हज़ामत बनाना<br>• वह उसी कौशल से बालों का मिलान करता है जैसे कोई इंजीनियर पुल के खंभों का मिलान करता है। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • कुशलता और तल्लीनता से बाल काटना<br>• एक-एक बाल पर, एक-एक ढलाव पर और एक-एक मिलान पर ध्यान रखना | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • तल्लीनता से कार्य करते हुए यह देखना कि कहीं कोई कील तो नहीं रह गई।<br>• सीधे और उलटे का ध्यान रखना<br>• कलम से लेकर मूँछों की छँटाई तक में सौंदर्य का ध्यान रखना<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | • मज़दूर को कलक्टर कहकर ज़फ़र को ताना देना<br>• एक सामान्य मज़दूर को महत्व और सम्मान देना<br>• समाज पर व्यंग्य, लोग स्वार्थवश बड़े और धनी लोगों की चापलूसी करते हैं। | 2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | • कार्य के प्रति समर्पण की भावना<br>• प्रत्येक ग्राहक का अत्यंत महत्वपूर्ण होना | 1+1=2 |
| | (च) | (च) | (च) | • काम के लिए चाव<br>• श्रम के प्रति श्रद्धा | |

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • पेशे के प्रति ईमानदारी<br>(किन्हीं दो का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2<br>**12** |
| 2 | 2<br>(क) | 1<br>(क) | 2<br>(क) | • वीर सैनिकों / जागरूक नागरिकों को<br>• प्राप्त स्वतंत्रता को कायम रखने के लिए | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | विगत में मिले दुखों की पीड़ा अभी समाप्त नहीं हुई है। | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • अभी भी शत्रु घात लगाए हुए है।<br>• अभी समाज शोषण से मुक्त नहीं हुआ है।<br>• समाज अनेक कमज़ोरियों से ग्रस्त है।<br>(किन्हीं दो का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | • मिली हुई आज़ादी को बचाना है।<br>• समाज में व्याप्त शोषण को दूर करना है।<br>• नई पीढ़ी की क्षमता में विश्वास है।<br>• आगे बढ़ते रहने की आशा है।<br>(किन्हीं दो का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2<br>**8** |
| | | | | **खंड – 'ख'** | |
| 3 | 3 | – | – | पद<br>पेड़ – शब्द<br>पेड़ पर फल लगे हैं। (यहाँ 'पेड़' पद है) | 1+1=**2** |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | – | 3 | – | व्याकरणिक नियमों में बँधकर वाक्य में प्रयुक्त शब्द पद कहलाता है।<br>जैसे – पेड़ (शब्द)<br>पेड़ पर फल लगे हैं। यहाँ 'पेड़' पद है। | 1+1=**2** |
| | – | – | 3 | शब्द – ध्वनियों की स्वतंत्र, सार्थक इकाई<br>जैसे – पेड़ (शब्द)<br>पद – व्याकरणिक नियमों में बँधकर वाक्य में प्रयुक्त शब्द पद कहलाता है।<br>जैसे – पेड़ पर फल लगे हैं। यहाँ 'पेड़' पद है। | 1+1=**2** |
| 4 | 4 | – | – | | |
| | (क) | – | – | जो बुद्धिमान होते हैं उनकी सब प्रशंसा करते हैं। | 1 |
| | (ख) | – | – | वह शरीर से दुर्बल व्यक्ति है इसलिए / और इस कठिन कार्य को नहीं कर सकता। | 1 |
| | (ग) | – | – | परिवार से मिलकर रहनेवालों को कभी दुख नहीं झेलना पड़ता। | 1<br>**3** |
| | – | 4 | – | | |
| | – | (क) | – | जो धनहीन व्यक्ति है वह परिश्रम करके धनी बन सकता है /<br>यदि धनहीन व्यक्ति परिश्रम करे तो वह धनी बन सकता है। | 1 |
| | – | (ख) | – | परिश्रमी व्यक्ति पीछे नहीं रह सकता। | 1 |
| | – | (ग) | – | उसका चरित्र उत्तम है इसलिए लोग उसकी प्रशंसा करते हैं। | 1<br>**3** |

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | 4 | | |
| | – | – | (क) | जो दहेज प्रथा है वह समाज को घुन की तरह खाए जा रही है। | 1 |
| | – | – | (ख) | मनुष्य का उपकार करने वाला ही मनुष्य है। | 1 |
| | – | – | (ग) | हमें सामाजिक बुराइयों को दूर करना चाहिए और लोगों की सहायता करनी चाहिए। | 1<br>**3** |
| 5 | 5 | – | – | | |
| | (क) | – | – | | |
| | (i) | | | मानव का धर्म – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | (ii) | | | सु (अच्छा) है जो पुत्र – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | (ख) | – | – | | |
| | (i) | | | महात्मा – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | (ii) | | | ज़िलाध्यक्ष – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1<br>**4** |
| | – | 5 | – | | |
| | – | (क) | – | | |
| | | (i) | | कर्म का फल – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | | (ii) | | सु (अच्छा) है जो जन – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | – | (ख) | – | | |
| | | (i) | | सज्जन – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | | (ii) | | देशद्रोह – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1<br>**4** |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | 5 | | |
| | – | – | (क) | | |
| | | | (i) | पुस्तकालय – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | | | (ii) | दीर्घमात्रा – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | – | – | (ख) | | |
| | | | (i) | पर्वत का पुत्र – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | | | (ii) | रात और दिन – द्वंद्व समास | ½ +½ =1 |
| | | | | | 4 |
| 6 | 6 | – | – | | |
| | (क) | – | – | मैंने फल खाया। | 1 |
| | (ख) | – | – | उन्होंने सिफ़ारिश की। | 1 |
| | (ग) | – | – | आपने क्या कहा था? | 1 |
| | (घ) | – | – | मुझे केवल / मात्र दस रुपए मिले / मुझे दस रुपए मात्र मिले। | 1 |
| | | | | | 4 |
| | – | 6 | – | | |
| | – | (क) | – | हमने तो पहले ही कहा था, ऐसा मत करो। | 1 |
| | – | (ख) | – | बड़े लोगों का आशीर्वाद लेना चाहिए। | 1 |
| | – | (ग) | – | तुम अपना काम करो। | 1 |
| | – | (घ) | – | कवयित्री की यह कविता अच्छी है। | 1 |
| | | | | | 4 |
| | – | – | 6 | | |
| | – | – | (क) | यहाँ धूम्रपान वर्जित है। | 1 |
| | – | – | (ख) | इस दुकान में दवाइयाँ मिलती हैं। | 1 |
| | – | – | (ग) | हमें तो आप अपने साथ ले चलें / चलिए। | 1 |

*QB365-Question Bank Software*

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | (घ) | जंकफूड स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। | 1<br>**4** |
| 7 | 7 | 7 | 7 | (ऐसे वाक्य प्रयोग पर अंक दिए जाएँ जिनसे अर्थ स्पष्ट हो।) | 1+1=**2** |
| | | | | **खंड – 'ग'** | |
| 8 | 8<br>(क) | 11<br>(क) | 8<br>(क) | • अवसरवादी<br>• चापलूस<br>• लालची<br>• भ्रष्टाचारी आदि।<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का समावेश करते हुए उत्तर अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • जापानी टी सेरेमनी (चा-नो-यू) में विधिपूर्वक चाय पिलाने वाला<br>• अतिथियों का स्वागत, अँगीठी सुलगाना, तौलिए से बरतन साफ़ करना, चाय बनाना और उसे प्यालों में डालना आदि। | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | विद्रोही वज़ीर अली को पकड़ने के लिए | 1<br>**5** |



*QB365-Question Bank Software*

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 9 | 9 | 8 | 9 | संदेश –<br>• ईश्वर की बनाई दुनिया पर सभी जीवों का अधिकार है।<br>• पूरा संसार परिवार के समान है।<br>• स्वार्थ–सिद्धि के लिए पर्यावरण के संतुलन को नहीं बिगाड़ना चाहिए।<br>• प्रकृति की सहनशक्ति की एक सीमा होती है।<br>• प्रकृति के सभी तत्वों और जीवों के अस्तित्व का सम्मान करना चाहिए।<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)<br>आज के संदर्भ में इनका महत्व –<br>• मनुष्य का स्वार्थी एवं संवेदनहीन होना<br>• अविवेकपूर्ण दोहन से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ना<br>• नैतिक मूल्यों का पतन<br>• बढ़ते प्रदूषण से जीव–जंतुओं की हानि<br>• असंतुलन के कारण अत्यधिक गरमी, बरसात, नित नए रोग, सैलाब और तूफ़ानों का आना<br>(विद्यार्थियों के मौलिक विचार भी स्वीकार्य) | 2+3=**5** |
| 10 | 10 (क) | 10 (क) | 10 (क) | वज़ीर अली के ;<br>• राबिनहुड के समान कारनामे | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | अंग्रेज़ों के प्रति ;<br>पाँच महीने की हुकूमत में अवध के दरबार को अंग्रेज़ी असर से लगभग मुक्त कर दिया। | 1+1=2 |

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | लेफ़्टीनेंट और कर्नल कालिंज के बीच | 1<br>5 |
| 11 | 11<br>(क) | –<br>– | –<br>– | • परेशान<br>• जेठ की दुपहरी की प्रचंड गर्मी के कारण | 1+1=2 |
| | – | 12<br>(क) | – | • जैसे सात्विक वातावरण के कारण तपोवन में वैरभाव का अभाव होता है, उसी भाँति प्रचंड गरमी से बचने के लिए परस्पर शत्रु भी एक साथ आश्रय लेते हैं।<br>• मुसीबत के समय परस्पर वैरभाव भुला दिया जाता है। | 1+1=2 |
| | – | – | 11<br>(क) | • चंद्रवंश में जन्म तथा स्वेच्छा से ब्रज में आकर बसना<br>• नाम व कुल की समानता बताते हुए कष्टों को दूर करने की विनती | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • आत्मा का परमात्मा से मिलन<br>• प्रत्येक परिस्थिति में ईश्वर में आस्था<br>• सांसारिक लोभ और तृष्णा में डूबे हृदय को ईश्वर से जोड़ने की चाह<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • हमें अपनी मदद स्वयं करनी चाहिए।<br>• विपदा आने पर भी अपने पराक्रम पर विश्वास<br>• दृढ़ इच्छाशक्ति एवं भय से मुक्ति | |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • विषम परिस्थितियों में भी ईश्वर में विश्वास<br>• सुख के दिनों में भी ईश्वर का स्मरण करना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1<br>**5** |
| 12 | 12 | 9 | 12 | विश्व के सभी मनुष्य परस्पर बंधु हैं।<br>अन्य गुण -<br>• संपूर्ण मनुष्यता के लिए जीना और मरना<br>• उदारता<br>• आत्मबलिदान<br>• करुणा<br>• निराभिमान<br>• बंधुत्व<br>• एकता<br>• सहानुभूति<br>(किन्हीं चार बिंदुओं का समावेश करते हुए उत्तर अपेक्षित) | 1+4=**5** |
| 13 | 13 | 13 | 13 | (विद्यार्थियों के उपयुक्त उत्तर स्वीकार्य) | **5** |
| | | | | **खंड - 'घ'** | |
| 14 | 14 | 16 | 15 | अनुच्छेद-लेखन<br>• विचारों की मौलिकता<br>• प्रस्तुति<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>2<br>2<br>1<br>**5** |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 15 | 15 | 14 | 14 | पत्र-लेखन<br>• प्रारूप<br>• विषय-वस्तु<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>1<br>3<br>1<br>**5** |
| 16 | 16 | 15 | 16 | सूचना-लेखन<br>• प्रारूप एवं प्रस्तुति<br>• विचारों की मौलिकता<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>2<br>2<br>1<br>**5** |
| 17 | 17 | 17 | 17 | संवाद-लेखन<br>• प्रस्तुति<br>• विचारों की मौलिकता<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>2<br>2<br>1<br>**5** |
| 18 | 18 | 18 | 18 | विज्ञापन-लेखन<br>• प्रस्तुति<br>• विचारों की मौलिकता<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>2<br>2<br>1<br>**5** |